दिनांक: 04.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर परिषद की बैठक में नवीन कार्यालय भवन सहित अन्य विषयों पर हुई चर्चा

भिलाईनगर/बहु प्रतिक्षित निगम का मुख्य कार्यालय भवन निर्माण का मार्ग महापौर परिषद में प्रस्ताव के पारित होने के साथ ही प्रशस्त हो गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए एक्सप्रेस सर्विस सेन्टर सहित निगम के सेक्टर-05 में महिलाओं के लिए गुलाबी गार्डन बनाये जाने का प्रस्ताव महापौर परिषद से स्वीकृत किया गया।

महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ बैठक में कुल 03 प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों ने विस्तार पूर्वक चर्चा किये। जिसमें नगर पालिक निगम , भिलाई का नवीन मुख्य कार्यालय भवन के निर्माण किये जाने हेतु कार्यपालन अभियंता द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विस्तृत विचार विमर्श के बाद प्रस्ताव को स्वीकृति की अनुशंसा प्रदान कीहै।

जनसम्पर्क अधिकारी